# भारतीय जनता पार्टी

## (केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

11 अप्रैल 2025, शुक्रवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह की चेन्नई, तमिलनाडु में आयोजित प्रेस वार्ता के मुख्य बिंदु

**आगामी तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में एनडीए की सरकार बनेगी।**

**************

**अपने भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद को छिपाने के लिए डीएमके परिसीमन और भाषा का मुद्दा उठा रही है।**

*****************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज चेन्नई, तमिलनाडु में एनडीए की महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित किया और कहा कि आगामी तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में एनडीए की सरकार बनेगी। इस महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता में तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री, AIADMK महासचिव एवं तमिलनाडु विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री एडप्पादी के पलानीस्वामी, तमिलनाडु की भाजपा इकाई के वर्तमान अध्यक्ष श्री के अन्नामलाई सहित एनडीए एवं भाजपा के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। श्री शाह ने इस प्रेस वार्ता में AIADMK के NDA में शामिल होने का ऐलान किया। ज्ञात हो कि श्री शाह आज तमिलनाडु के प्रवास पर हैं जो तमिलनाडु में आगामी विधानसभा चुनाव की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। श्री शाह ने स्थानीय पत्रकारों के सभी सवालों के विस्तार से एवं खुल कर जवाब दिए।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **आज एआईएडीएमके और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने मिलकर तय किया है कि आने वाला तमिलनाडु विधानसभा चुनाव एआईएडीएम, भारतीय जनता पार्टी और सभी साथी दल मिलकर एनडीए गठबंधन के तहत लड़ेंगे। यह गठबंधन राष्ट्रीय स्तर पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व में और तमिलनाडु राज्य स्तर एआईएडीएमके के नेतृत्व में चुनाव लड़ेगा।** श्री शाह ने कहा कि एआईएडीएमके के आंतरिक मामलों में भाजपा का कोई हस्तक्षेप नहीं होगा। जहाँ तक एनडीए के सहयोगी दलों का सवाल है, एआईएडीएमके और भाजपा तमिलनाडु में बैठकर तय करेंगे। **एआईएडीएमके का एनडीए में आना एनडीए के लिए भी उपयोगी है और एआईएडीएमके के लिए भी।** सीटों की संख्या और सरकार बनने के बाद मंत्रालयों का बंटवारा सहयोगियों के साथ बैठकर बाद में तय किया जाएगा।

श्री शाह ने डीएमके पर हमला बोलते हुए कहा कि तमिलनाडु में डीएमके पार्टी सनातन धर्म और त्रिभाषा नीति जैसे मुद्दे केवल जनता का ध्यान मूल मुद्दों से भटकाने के लिए उठा रही है। डीएमके सरकार में घनघोर भ्रष्टाचार व्याप्त है। दलितों और महिलाओं पर अत्याचार हो रहा है एवं लॉ एंड ऑर्डर की समस्या बद से बदतर होती जा रही है। तमिलनाडु की स्टालिन सरकार में 39 हजार करोड़ रुपए का शराब घोटाला, रेत खनन घोटाला, ऊर्जा घोटाला, एल कोट घोटाला,

परिवहन घोटाला, मनी लॉन्ड्रिंग, पोषण किट घोटाला, फ्री धोती घोटाला, नौकरी के बदले गैस सिलेंडर घोटाला सहित तस्करी की घटनाएं भी सामने आई है और मनरेगा में भी घोटाला हुआ है। तमिलनाडु की जनता आगामी चुनाव में इन घोटालों को ध्यान में रखते हुए मतदान करेगी। तमिलनाडु की जनता स्टालिन और उदयनिधि से भ्रष्टाचार पर जवाब मांग रही है।

केंद्रीय गृह एवं सकारिता मंत्री ने कहा कि डीएमके नीट और परिसीमन जैसे मुद्दों को बार-बार खड़ा कर रही है ताकि असली मुद्दों से ध्यान हट जाए। भाजपा और AIADMK का गठबंधन जरूरत पड़ने पर एक साथ बैठकर साझा न्यूनतम कार्यक्रम लेकर आएगा। भाजपा असली मुद्दे को जनता के बीच लेकर जाएगी।

श्री शाह ने कहा कि **भारतीय जनता पार्टी तमिल भाषा, संस्कृति और तमिल जनता पर गौरव करती है और उनका सम्मान भी करती है। तमिलनाडु की महान परंपरा सेंगोल को संसद भवन में स्थापित करने का काम यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने ही किया।** डीएमके ने कभी इसकी मांग तक नहीं की थी। **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने ही काशी तमिल संगमम और सौराष्ट्र तमिल संगमम की शुरुआत की।** खेलो इंडिया में तमिल मार्शल आर्ट 'शिलम्बम' को भी उन्होंने ही शामिल किया। **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 25 करोड़ की लागत से केंद्रीय शास्त्रीय तमिल संस्थान की स्थापना करवाई और अमेरिका की ह्यूस्टन यूनिवर्सिटी में तमिल चेयर भी स्थापित करवाई। मोदी सरकार तिरुक्कुरल का अनुवाद अनेक भाषाओं में करवा रही है**। इनमें से 63 भाषाओं में अनुवाद पूरा हो चुका है। **महान तमिल कवि सुब्रमण्यम भारती के संपूर्ण रचनाओं के संग्रह का विमोचन भी माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने ही किया।** प्रधानमंत्री बनने के बाद श्री नरेन्द्र मोदी जी ने यह सुनिश्चित किया कि तमिलनाडु के युवा IAS और IPS की परीक्षा तमिल भाषा में दे सकें। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने ही CAPF की परीक्षाओं के प्रश्नपत्र तमिल भाषा में उपलब्ध कराए, जबकि पहले ये सिर्फ हिंदी और अंग्रेजी में ही होते थे। डीएमके के नेता केंद्र की सत्ता में भागीदार रहे लेकिन उन्होंने कभी इस कदम के बारे में नहीं सोचा।

**केंद्रीय गृह एवं सकारिता मंत्री ने कहा कि जहां-जहां भाजपा या एनडीए की सरकारें हैं, वहां मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई स्थानीय भाषाओं में शुरू करवाई गई है लेकिन तीन वर्षों से मांग किए जाने के बावजूद मुख्यमंत्री स्टालिन ने तमिल में मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई शुरू नहीं करवाई है। डीएमके ने तमिल भाषा के लिए अब तक कुछ नहीं किया है। कांग्रेस क्यों चुप है?** डीएमके के ऐसे मुद्दे के साथ देश में और कोई पार्टी नहीं है।

श्री शाह ने कहा कि ए**आईएडीएमके एक प्रकार से 1998 से एनडीए गठबंधन का हिस्सा है। लंबे समय तक माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती जयललिता जी ने साथ में मिलकर राष्ट्रीय राजनीति में काम किया है।** एक समय पर भाजपा-एआईएडीएमके के गठबंधन ने 39 लोकसभा सीट में 30 सीटों पर विजय प्राप्त की थी। श्री शाह ने 2026 में होने वाले तमिलानाडु विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन की प्रचंड विजय और तमिलनाडु में एक बार पुनः एनडीए सरकार बनने पर विश्वास जताया।

***********************